TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

03 अगस्त 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन कितना भी कठिन क्यों न लगे आप हमेशा कुछ न कुछ कर सकते हैं और उसमें सफल हो सकते हैं।

**स्टीफन हॉकिंग**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 03 अगस्त

1. **मैथिलीशरण गुप्त का जन्म दिवस**–राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त, 1886 ई. को चिरगाँव, झाँसी, उत्तरप्रदेश में हुआ था। वे हिन्दी साहित्य के इतिहास में खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि थे। उनकी कृति 'भारत भारती' (1992 ई.) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय काफी प्रसिद्ध हुई थी इसी कारण महात्मा गाँधी ने उन्हें 'राष्ट्रकवि' की उपाधि भी प्रदान किया था। वर्ष 1954 में भारत सरकार द्वारा उन्हें 'पदम भूषण' सम्मान से सम्मानित भी किया गया। उनकी अन्य प्रसिद्ध रचनाओं में पंचवटी, जयद्रथ वध, यशोधरा, साकेत, उर्मिला, आदि प्रमुख हैं।

2. **क्रिस्टोफर कोलम्बस का खोज अभियान**– एक बार इटली के नाविक क्रिस्टोफर कोलम्बस को पाइथागोरस की एक पुस्तक हाथ लगी। रेखागणित की इस पुस्तक में लिखा था कि दुनिया गोल है। बस कोलम्बस के दिमाग में विचार आया कि यदि दुनिया गोल है तो पश्चिम की ओर से यात्रा शुरू कर पूर्व की ओर स्थित भारत तक पहुँचने का मार्ग खोज सकते हैं। इस बात पर उस जमाने के लोग कोलम्बस पर हँसा करते, क्योंकि लोगों का मानना था कि दुनिया चपटी है और ऐसा करने पर कोलम्बस खाई में गिर जाएगा। सत्रह वर्षो तक कोशिश करने के बाद भी जब कोई साथ देने को तैयार नहीं हुआ तो जेल में बंद 88 कैदियों इस बात पर राजी किया कि वे साथ चलेंगे तो उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। इटली का नाविक क्रिस्टोफर कोलम्बस 3 अगस्त, 1492 ई. को भारत की खोज के लिए तीन जलपोतों के साथ स्पेन से रवाना हुआ।
   - **संदर्भः** बच्चों के साथ भूगोल तथा मध्यकालीन इतिहास से जोड़कर चर्चा करें।

3. **बाबा आम्टे को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार**– भारत के प्रसिद्ध समाजसेवी और नर्मदा बचाओ आंदोलन के समर्थक डॉ. मुरलीधर देवीदास आम्टे (बाबा आम्टे) को वर्ष 1985 में एशिया का नोबेल पुरस्कार माना जाने वाला रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त हुआ था। कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए उन्होंने महाराष्ट्र में 'आनंदवन' की स्थापना किया। भारत सरकार ने उन्हें पदम श्री (1971) और पदम भूषण (1986) में प्रदान किया। वर्ष 1999 में उन्हें गाँधी शांति पुरस्कार भी प्रदान किया गया।
   - **संदर्भः** पर्यावरण अध्ययन से जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर बच्चों को साथ चर्चा करें।

4. **नाइजर का स्वतंत्रता दिवस**– नाइजर अफ्रीका महादेश का एक राष्ट्र है जो 3 अगस्त, 1960 ई. को फ्रांस की अधीनता से स्वतंत्र हुआ। इसका नाम नाइजर नदी के नाम पर पड़ा। इसकी राजधानी नियामी है।
   - बच्चों को भूगोल से जोड़ते हुए मानचित्र पर नाइजर की अवस्थिति को बतायें।

Saturday

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

3 अगस्त

मधु प्रिया

## मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त




हिंदी के कवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त 1886 को झांसी में हुआ। वे खड़ी बोली के पहले कवि माने जाते हैं। पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की प्रेरणा से मैथिलीशरण गुप्त ने खड़ी बोली में कविताएं लिखीं। उन्होंने अपनी कविता के ज़रिए खड़ी बोली को एक काव्य-भाषा के रूप में मान्यता दिलाने के लिए बहुत कोशिश की। सिर्फ़ ब्रजभाषा जैसी समृद्ध काव्य-भाषा के अलावा नये कवियों ने खड़ी बोली में ही कविताएं लिखीं। हिंदी कविता के इतिहास में मैथिलीशरण गुप्त का यह सबसे बड़ा योगदान माना जाता है। मानवीय संबंधों और नैतिक मूल्यों को बचाने की कोशिश गुप्त जी की कविताओं में देखी जा सकती है। गुप्तजी की पहली काव्य रचना 'रंग में भंग' (लघु खण्डकाव्य) 1909 ई. में प्रकाशित हुई थी। गुप्तजी की पहली महत्त्वपूर्ण (प्रसिद्ध) काव्य रचना 'भारत-भारती' 1912 ई. में प्रकाशित हुई थी। उन्होंने बंगाली के काव्य ग्रन्थ 'मेघनाथ वध', 'ब्रजांगना' का अनुवाद भी किया। साल 1914 में राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत 'भारत भारती' का प्रकाशन किया। जिसके बाद उनकी लोकप्रियता सर्वत्र फैल गई। मैथिली शरण गुप्त द्वारा रचित कविता जयद्रथवध, साकेत, पंचवटी, सैरन्ध्री, बक संहार, यशोधरा, द्वापर, नहुष, जयभारत, हिडिम्बा, विष्णुप्रिया एवं रत्नावली आदि रचनाएं इसके उदाहरण हैं। मैथिलीशरण गुप्त का 12 दिसंबर 1964 में झांसी में निधन हुआ।

/teachersofbihar

# जयंती विशेष 03 अगस्त

राकेश कुमार




**मैथिलीशरण गुप्त** *Maithili Sharan Gupt*, जन्म- 3 अगस्त, 1886, झाँसी; मृत्यु- 12 दिसंबर, 1964, झाँसी) खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि थे। महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रेरणा से आपने खड़ी बोली को अपनी रचनाओं का माध्यम बनाया और अपनी कविता के द्वारा खड़ी बोली को एक काव्य-भाषा के रूप में निर्मित करने में अथक प्रयास किया। इस तरह ब्रजभाषा जैसी समृद्ध काव्य भाषा को छोड़कर समय और संदर्भों के अनुकूल होने के कारण नये कवियों ने इसे ही अपनी काव्य-अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। हिन्दी कविता के इतिहास में गुप्त जी का यह सबसे बड़ा योगदान है।[1]

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.08.2024

## शिक्षा और प्रशिक्षण

प्रशिक्षण विशिष्ट कौशल और ज्ञान विकसित करने पर अधिक केंद्रित होता है, जबकि शिक्षा व्यापक बौद्धिक और व्यक्तिगत विकास पर केंद्रित होती है। प्रशिक्षण आम तौर पर अल्पकालिक और अधिक व्यावहारिक होता है, जबकि शिक्षा आम तौर पर दीर्घकालिक और अधिक सैद्धांतिक होती है।

# ToB बालमन विशेषांक

## विषय : भूगोल

[साप्ताहिक]



धीरज कुमार (शिक्षक)
UMS सिलौटा, भभुआ,
कैमूर, बिहार

## भारत के कुछ प्रमुख नदियों के उद्गम स्थल

| नदी का नाम | उद्गम स्थल | स्थान/स्थिति |
|---|---|---|
| >>> गंगा | गंगोत्री | उत्तराखंड राज्य |
| >>> यमुना | यमुनोत्री | उत्तराखंड राज्य |
| >>> ब्रह्मपुत्र | मानसरोवर झील | तिब्बत |
| >>> सोन | अमरकंटक | मध्य प्रदेश राज्य |
| >>> नर्मदा | अमरकंटक | मध्य प्रदेश राज्य |
| >>> गोदावरी | त्र्यंबकेश्वर(नासिक) | महाराष्ट्र राज्य |
| >>> कृष्णा | महाबलेश्वर | महाराष्ट्र राज्य |
| >>> कावेरी | तालाकावेरी | कर्नाटक राज्य |

# TOB
# खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## cricket

## भारत को 34 साल बाद एशिया कप की मेजबानी मिली: 2025 में होगा यह मेंस क्रिकेट



### भारत के एशिया कप खिताब

| कब | कहां | फॉर्मेट |
|---|---|---|
| 2023 | श्रीलंका | वनडे |
| 2018 | UAE | वनडे |
| 2016 | बांग्लादेश | टी-20 |
| 2010 | श्रीलंका | वनडे |
| 1995 | UAE | वनडे |
| 1990/91 | भारत | वनडे |
| 1988 | बांग्लादेश | वनडे |
| 1984 | UAE | वनडे |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 443

## नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

A. उत्तर प्रदेश

B. उत्तराखंड

C. मध्य प्रदेश

D. असम



सही उत्तर: B

www.teachersofbihar.org


# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

Rakesh Kumar
Middle School Balua Maner (Patna)

## माह: अगस्त

CHILD HELPLINE
1098


| | | |
|---|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक **03.08.2024** | **पेयजल की अशुद्धता से होने वाले खतरे एवं उसके उपाय के बारे में जानकारी।** |  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक **10.08.2024** | **बाढ़ से खतरे एवं बचाव के उपाय कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास ( मॉकड्रिल )** |  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक **17.08.2024** | **सांप-बिच्छु एवं अन्य विषैले जीव-जंतुओं के काटने से होनेवाली परेशानियों एवं समाधान के सन्दर्भ में जानकारी।** |  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक **24.08.2024** | **नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी ।** |  |

**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



ओलंपिक फ्लैग की 5 रिंग्स 5 महाद्वीपों (अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और यूरोप) को दर्शाती है ओलंपिक ध्वज पहली बार 1914 में फहराया गया था !


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मैथिलीशरण गुप्त
जन्म- 3 अगस्त, 1886
मृत्यु- 12 दिसंबर, 1964
हिंदी कविता के इतिहास में मैथिलीशरण गुप्त का बड़ा योगदान माना जाता है। उनके जयंती पर
टीचर्स ऑफ बिहार परिवार उनके योगदान को याद करते हुए सादर नमन करता है।
Madhu priya
/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतीय शास्त्रीय गायक
पंडित छन्नूलाल मिश्र
को जन्मदिन की हार्दिक
शुभकामनाएं।
जन्म- 3 अगस्त 1936
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


03 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतीय शास्त्रीय गायक
पद्म भूषण
पंडित छन्नूलाल मिश्र
को जन्मदिन की हार्दिक
शुभकामनाएं
03 अगस्त 1936
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org


3 अगस्त
राष्ट्रकवि
मैथिलीशरण गुप्त
की जयंती पर सादर नमन
3 अगस्त 1886 - 12 दिसंबर 1964
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari